सुरक्षा निर्देशिका: प्रतिरूपण और कॉल अग्रेषण घोटाले से सावधान रहें



आजकल, साइबर अपराधी खुद को वैध संगठन/कंपनी का अधिकृत व्यक्ति बताकर झूठे बहाने से उपयोगकर्ता को हमलावर के नंबर पर कॉल अग्रेषित करने के लिए मना लेते हैं।

कार्य प्रणाली

स्कैमर्स संपर्क शुरू करते हैं और दावा करते हैं कि वह एक डिलीवरी करने वाला व्यक्ति है, जिसे पार्सल प्राप्तकर्ता का पता ढूंढने में दिक्कत आ रही है। इस चाल के माध्यम से वे प्राप्तकर्ता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं।

स्कैमर प्राप्तकर्ता को एक एक्सटेंशन कोड डायल करने के लिए कहता है जिसके बाद नीचे दिए गए प्रारूप में डिलीवरी व्यक्ति का संपर्क नंबर होता है:
***401*<10 अंकों का मोबाइल नंबर>**

पार्सल की सफल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए कोड (*401*) को कपटतापूर्वक एक शर्त के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिसका अर्थ है कि कोड डायल करने में विफलता के परिणामस्वरूप पार्सल की डिलीवरी नहीं होगी।

जैसे ही कोड डायल किया जाता है, इनकमिंग कॉल, संदेश, पिन, ओटीपी आदि सहित संवेदनशील जानकारी स्कैमर के नंबर पर रीडायरेक्ट हो जाती है, जिससे शिकार व्यक्ति को वित्तीय नुकसान होता है।

साइबर सुरक्षा सर्वोत्तम पद्धति

✗ बिना देखें निर्देशों का अनुसरण न करें या अजनबियों के अत्यावश्यकता अनुरोधों पर तत्काल कार्रवाई न करें।

✓ कॉल करने वाले की पहचान हमेशा विश्वसनीय चैनलों जैसे कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ऐप्स, प्रामाणिक हेल्पलाइन नंबर आदि से सत्यापित करें।

✗ अजनबियों के कहने पर कभी भी अपने नंबर से कोड डायल न करें या एसएमएस न भेजें। कोड की कार्यप्रणाली के संबंध में हमेशा अपने सेवा प्रदाता से जांच करें।

✓ अपने फोन/सिम नेटवर्क सेवा(ओं) पर कॉल/एसएमएस अग्रेषण सेटिंग्स के संबंध में सतर्क रहें। यदि कॉल/एसएमएस अग्रेषण सुविधाएं गलती से या अनजाने में सक्षम हो जाती हैं, तो इसे निष्क्रिय करने के लिए तुरंत अपने मोबाइल नेटवर्क प्रदाता (जैसे जियो, एयरटेल, आदि) से संपर्क करें।

अपने बैंक खाते की गतिविधियों की नियमित निगरानी करें। यदि कोई अनधिकृत या संदिग्ध लेन-देन नजर आए तो तुरंत अपने बैंक/शाखा को सूचित करें। यूको बैंक की सहायता के लिए ग्राहक सेवा/हेल्पलाइन नंबर 1800 103 0123 डायल करें।

साइबर धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट https://www.cybercrime.gov.in पर करें या सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें ।

सुरक्षा निर्देशिका 114A
दिनांक 08.11.2023

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

CISO OFFICE

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust